**एक नजर में**

## राज्यमंत्री टेटवाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**सारंगपुर 18 जुलाई, सं.** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के ससुरजी एवं विद्या भारती महाकौशल प्रांत के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री ब्रह्मानंद यादव के निधन उपरांत रीवा स्थित निज-निवास पर पहुंचकर सारंगपुर विधायक एवं राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने श्रद्धांजलि अर्पित की . शोक-संतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं . श्री टेटवाल ने कहा कि स्व . श्री ब्रह्मानंद यादवजी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं अनुषांगिक संगठनों में कार्य करते हुए मां भारती की सेवा में समर्पित किया . इस दु :खद की घडी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ है . ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें .

## बैजनाथ की पालकी को लेकर बैठक

**नरसिंहगढ़ 18 जुलाई, सं.** बाबा बैजनाथ महादेव की शाही पालकी यात्रा एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण महोत्सव को लेकर नगर के धर्मशाला हनुमान मंदिर प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुईस बैठक की अध्यक्षता हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने की . बैठक में आगामी आयोजन की रूपरेखा, पालकी यात्रा की भव्यता, सुरक्षा व्यवस्था, शोभायात्रा मार्ग पर भव्य स्वागत की तेयारियो को लेकर चर्चा की गई . इस दोरान आगामी 4 अगस्त चौथे सोमवार पर विधिविधान से शाही पालकी यात्रा परम्परागत रुप से निकालने का निर्णय लिया गया . इस दौरान शहर में 29 अगस्त से चार सितंबर तक स्टेडियम ग्राउंड में होने वाले सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई .

# हाईवे पर दम तोड़ते गौवंश पर सिर्फ बातें, काम नहीं

### युवाओं ने गौवंश को बचाने का बीड़ा उठाया, प्रभारी मंत्री की बैठक में जिपं अध्यक्ष ने उठाया मामला, प्रशासन बैठकों में लगा

**कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी तैनात नहीं हुआ अमला**

**पशुपालन विभाग बेसुध**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा, 18 जुलाई, का. बारिश का समय भले ही हमें लुभाता और आनंद करने का अवसर देता है लेकिन गौवंश के लिए यह समय मृत्युकाल साबित होता है. ग्रामीणों अंचलों से खदेड़ी गई गाएं हाईवे पर आश्रित होती है और अंधगति से आ रहे वाहन इन्हें नुकसान पहुंचा जाते है. बारिश में फिर से गौवंश हाईवे पर मौत के साए में है. प्रशासन ने बीते दिनों बैठकें की, अमले को मनरेगाकर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए लेकिन कोई असर अब तक नहीं दिखा है. अब कुछ युवा गौवंश को बचाने आगे आए है वहीं जिपं अध्यक्ष ने भी प्रभारी मंत्री को इस पीढ़ा से अवगत कराया है. हम जिले के हालातों पर एक दृष्टि डाल रहे है जिससे पूरी व्यवस्था समझ आएगी. कहीं पशु अस्पताल दुरूस्त नहीं है तो कहीं अमला तैनात नहीं है. वहीं प्रभारी मंत्री को बैठक में इस तथ्य से अवगत कराया जा रहा है.**



### युवाओं ने बीड़ा उठाया, रेडियम लगा रहे

**1** राजगढ़ जिला मुख्यालय पर बीते दिनों गौवंश हाईवे पर काफी संख्या में पहुंच गया था . इसके बाद कुछ स्थानों पर गायों की मौत भी वाहनों की टक्कर से हो गई थी . राजगढ़ जिला मुख्यालय पर कुछ युवाओं ने जिला पशु विभाग अधिकारी को साथ लेकर जनसहयोग से हाईवे पर बैठी गायों के सींग पर रेडियम लगाने शुरू कर दिए है . अब तक करीब 200 से अधिक गायों को रेडियम लगाया गया है . इससे वाहन चालकों को गाएं दूर से दिख जाएंगी और संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा . इन युवाओं की इस मुहिम को नागरिकों ने सराहा है और वे भी इनके सहयोग को आगे आने लगे है . ऐसे में जहां प्रशासन सिर्फ बैठकों की औपचारिकता में लगा है वहीं ये युवा मैदान में आकर अपना काम शुरू कर चुके है . गौसेवकों में महिपाल सिंह कुशवाह जिला पशु विभाग अधिकारी राजगढ़, पवन अवस्थी सीएमओ राजगढ़, नयन विजयवर्गीय गोसेवक राजगढ़, कुलदीप सिंगी गोसेवक राजगढ़ सहित टीम शामिल है .

### जिपं अध्यक्ष ने कहा, गौवंश की दुर्दशा देखी नहीं जा रही

**2** राजगढ़ जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप ने विभागों की समीक्षा बैठक ली . वहां उन्होंने हाईवे के ब्लैक स्पॉट पर चर्चा की . उसी दौरान हाईवे पर गौवंश की दुर्दशा को लेकर जिपं अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया ने मीटिंग में ध्यान आकर्षण कराया . श्री सौंधिया ने कहा कि हाईवे पर गौवंश की दुर्दशा हमसे देखी नहीं जा रही है . कृपया इस मामले में कोई व्यवस्था कराई जाए जिससे वंदनीय गौवंश को संरक्षित रखा जा सके . मामले में प्रभारी मंत्री ने जिला कलेक्टर और संबंधित विभाग को तुरंत उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए है .

### यहां पंचायत भवन में लगेगा पशु चिकित्सालय

**3** सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे ने पशु चिकित्सालय एवं पशुपालन विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों की समीक्षा बैठक ली . जिसमे पशु क्षेत्र के पशु अस्पतालों और गौशालाओं की समीक्षा की . इस दौरान औषधालय कडलावद क्षतिग्रस्त होने के कारण सम्बन्धित पशु चिकित्सा प्रभारी को पंचायत में बैठने हेतु निर्देशित किया . पशुपालन किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा की समस्त कर्मचारियों को लक्ष्य अनुसार फॉर्म बैंक में जमा करने एवं स्वीकृति हेतु निर्देशित किया . गोशाला में सप्ताह में 2 दिन अपने क्षेत्र की गोशाला का नियमित भ्रमण टैगिंग करने के निर्देश दिए .



# मेंटेनेंस का कार्य करते आग से झुलसे कर्मचारी

### जल मिशन योजना इंजीनियर सहित दो कर्मचारी गंभीर

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 18 जुलाई, सं. खिलचीपुर जल मिशन योजना के तहत जिले में नल कनेक्शन के माध्यम से घर-घर पेय जल पहुंचने के लिए कार्य कर रही एसएमपी कंपनी में कार्यरत इंजीनियर सहित दो कर्मचारी ट्रांसफार्मर पर मेंटेनेंस का कार्य करते समय आग लगने से बुरी तरह झुलस गए. जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल लेकर गये जहा प्राथमिक उपचार के बाद बाहर रेफर किया गया.**

प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में जल मिशन योजना के तहत कार्य कर रही एसएमपी कंपनी में कार्यरत इंजीनियर संजय पिता दिनेश गुप्ता निवासी इंदर चौराह जीरापुर, जितेंद्र पिता प्रभु लाल पटेल निवासी ग्राम मुझेल जिला रायसेन एवं नरेंद्र पिता जगदीश पटेल निवासी ग्राम वीरपुर जिला रायसेन द्वारा खिलचीपुर नगर में ईदगाह के पास बने वाटर वर्क्स पर स्थापित ट्रांसफार्मर पर मेंटेनेंस का काम कर रहे थे. तभी अकस्मात ट्रांसफार्मर में आग लग जाने से कार्य कर रहे कर्मचारियों का शरीर एवं त्वचा बुरी तरह से झुलस गया.

घटना की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों द्वारा तुरंत तीनों व्यक्तियों को सिविल अस्पताल खिलचीपुर में लाया गया. जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार उपरांत शरीर में जलने की स्थिति को देखते हुए भोपाल स्थित बंसल हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया. जहां पर उनका उपचार जारी है पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है.

## मॉडल स्कूल में छात्रों को साइकिल वितरण

**नरसिंहगढ़ 18 जुलाई, सं.** स्थानीय मॉडल स्कूल में आज शासन की योजना के तहत विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया गया. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति रही. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक मोहन शर्मा ने विद्यार्थियों को साइकिल वितरित करते हुए कहा कि शासन की यह योजना विद्यार्थियों की शिक्षा में सहूलियत प्रदान करने हेतु बनाई गई है, जिससे दूर-दराज के छात्र-छात्राओं को स्कूल आने में परेशानी ना हो और वे नियमित रूप से पढ़ाई कर सकें. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र परमार, शिव वैध, सतेंद्र सिंह राठौड़, मुन्ना साहू सहित स्कूली स्टाफ, विद्यार्थी ओर अन्य मौजूद थे.

# मां के नाम पर लगाया पेड़ मां बनकर करेगा पोषण

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 18 जुलाई, सं.** स्थानीय महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा उपस्थित रहे.

कार्यक्रम में एसडीएम सुशील कुमार एवं एसडीओपी राजीव चतुर्वेदी भी विशेष रूप से शामिल हुए. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. चेतन त्रिपाठी ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश देता है, बल्कि मां के प्रति सम्मान प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम भी है. विधायक मोहन शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाना चाहिए ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सके. इस मौके पर भरत झंवर, शिव वैध, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, सतेंद्र राठौड़, मुन्ना साहू, राजू जड़िया, अभिषेक गुप्ता, ललित शर्मा, राजकुमार वर्मा सहित महाविद्यालयीन स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए और सभी ने मिलकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया.



## श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**कुरावर 18 जुलाई, सं.** नगर में गुरुवार को खेड़ी पर प्रारंभ होने वाली श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा से किया गया . कलश यात्रा नगर के बस स्टैंड पर स्थित श्री राम मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई कथा स्थल पर जाकर समापन हुई . श्रीमद् भागवत कथा की पूजा पाठ जयप्रकाश वैष्णव के द्वारा की गई . कथा के पहले दिन श्रीमद् भागवत वक्ता पंडित जितेंद्र वैष्णव ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा में भगवान कृष्ण की बाल लीला से लेकर सामाजिक सरोकार का वर्णन भी किया गया है . श्रीमद् भागवत कथा का रोज दोपहर 12 से लेकर 3 बजे तक श्रद्धालु कथा का श्रवण करेंगे .


## नाम परिवर्तन

मेरा सही नाम **वंदना पिता संजयसिंह सौंधिया** माता का नाम **भूलाबाई** निवासी ग्राम सूरजखेडी तहसील व जिला राजगढ़ है. जबकि मेरा आधारकार्ड क्रं. 7544 2245 8942 में मेरा बोलता नाम वर्षा पिता संजय सिंह दर्ज है जो गलत है. अब मेरा वास्तविक व सही नाम वंदना पिता संजयसिंह सौंधिया माता का नाम भूलाबाई निवासी ग्राम सूरजखेडी तहसील व जिला राजगढ़ म.प्र. के नाम से जाना व पहचाना जावे.

## आवश्यकता है

ब्यावरा में मेडिकल स्टोर पर काम करने के लिए एक अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता हैं.
तुरंत संपर्क करें 9424421556
**बिल 20 जुलाई 2025**

**क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़**
OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%
B.ed आवेदन प्रक्रिया 2025-26
तृतीय चरण कॉलेज कोड - 384
ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 15/07/25 से 18/07/25 तक
दस्तावेज का ऑनलाईन सत्यापन 15/07/25 से 19/07/25
सीट आवंटन 23/07/25
हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन क साथ भौतिक सत्यापन हेतु उपस्थित होकर लिंक इनिशिएट कराना 23/07/25 से 25/07/25 तक
महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना दिनांक 23/07/25 से 26/07/25
नोट प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कालेज कोड 384 का चयन करे.
संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337
Ad. NH-46 Bhopal By Pass Road Biaora, Rajgarh
26 जून से -26 जुलाई 2025







## कार्यालय नगर परिषद छापीहेड़ा, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म .प्र .

Fax (07370) 276324 — E-mail cmonpchh@gmail.com
क्रमांक / निर्माण / 1770/2025 — छापीहेड़ा दिनांक 11/07/2025

### प्रथम ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है. निविदा दर विस्तृत वेबसाईट http://mpetendar.gov.in/ पर देखा जा सकता है.

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMID | निविदा की अंतिम तिथि | निविदा का प्रपत्र |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_437047 _1 Date 14.07.2025 /10:30AM | वार्ड क्रं. 13 में जनभागीदारी भवन के के पास बाउण्ड्रीवाल, शेड एवं पेवर्स ब्लाक निर्माण कार्य | 1. 06 माह 2. 3092740 | 1. 5000 2. 23195 | 29.07.2025/17:30PM | द्वितीय |
| 2. | 2025_UAD_437048 _1 Date 14.07.2025 /10:30AM | वार्ड क्रं. 03 में रामपुरिया बालाजी मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1. 03 माह 2. 430978 | 1. 2000 2. 4309 | 29.07.2025/17:30PM | प्रथम |
| 3. | 2025_UAD_437049 _1 Date 14.07.2025 /10:30AM | वार्ड क्रं. 13 कांकरिया बालाजी मंदिर के समीप जनभागीदारी योजना भवन के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 1. 03 माह 2. 403892 | 1. 2000 2. 4038 | 29.07.2025/17:30PM | प्रथम |

**नोट-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http://mpetendar.gov.in/ की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा. साथ ही निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी शाखा से प्राप्त की जा सकती है.

(देवबाई भंवरलाल खटीक) अध्यक्ष नगर परिषद छापीहेड़ा
(राजेश कुमार टांक) उपाध्यक्ष नगर परिषद छापीहेड़ा
(बादल नरगावे) उपयंत्री नगर परिषद छापीहेड़ा
(हरिओम शर्मा) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद छापीहेड़ा